हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 4 मई 2026
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 लाडली पथ पर निकली जागरूकता रैली






## सरगुजा के सिलमा में उतरा सीएम का उड़न खटोला

# सुशासन तिहार शासन की कार्यप्रणाली में सकारात्मक बदलाव का संकल्प : विष्णुदेव



जनता की समस्या सुनते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय।



जनचौपाल में उस्थित ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश में चल रहे सुशासन तिहार के तहत ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने लगाए जा रहे शिविर में रविवार को अचानक ही प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय शामिल हुए। सीएम श्री साय का उड़न खटोला अचानक ही बतौली विकासखंड के ग्राम पंचायत सिलमा अंतर्गत शंतिपारा में उतरा। इस दौरान सीएम ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया। इस दौरान सीएम श्री साय ने कहा कि सुशासन तिहार शासन की कार्यप्रणाली में बेहतर और सकारात्मक बदलाव का संकल्प है। बताया कि 40 दिनों तक चलने वाले इस अभियान के माध्यम से अब प्रशासन स्वयं जनता के द्वार तक पहुंचेगा और उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित करेगा।

सीएम ने कहा कि पहले नागरिकों को अपने कार्यों के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन अब शासन स्वयं गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनेगा और उनका निराकरण करेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ⏭ शेष पेज 4 पर

**खास बातें**

- जनता के बीच बैठकर सुनी समस्याएं, किया निराकरण
- जन समस्या निवारण में शामिल हुए मुख्यमंत्री

### ग्रामीणों से किया संवाद

जन समस्या निवारण शिविर में पहुंचे सीएम श्री साय ने जन चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने न केवल योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति का जायजा लिया, बल्कि आम नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निराकरण के निर्देश भी दिए। जन चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री श्री साय के समक्ष अपनी समस्याएं और मांगें रखीं, जिन पर मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता के साथ संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का समयसीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

### बिजली बिल माफ होने से मिलेगी राहत

शिविर के दौरान ग्राम सुआरपारा निवासी राजेश शुक्ला ने अपनी आर्थिक कठिनाइयों का जिक्र करते हुए बिजली बिल माफी और आर्थिक सहायता के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने तत्काल मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए मामले पर संज्ञान लिया और आश्वस्त किया कि उनकी स्थिति को देखते हुए बिजली बिल माफी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी, साथ ही आवश्यक आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी भी ग्रामीणों से ली तथा हितग्राहियों से संवाद कर योजनाओं के प्रभाव का फीडबैक प्राप्त किया।

### लहसुन की माला से स्वागत

भीषण गर्मी के बीच जन चौपाल में शामिल होने पहुंचे सीएम का समूह की महिलाओं ने लहसुन की माला से स्वागत किया गया। इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए सीएम ने कहा कि जनसेवा से बढ़कर कोई चीज नहीं है। जब हम जनसेवा के लिए निकलते है तो गर्मी का एहसास नहीं होता। लहसुन एक औषधिकारक कृषि उपज है। इस जन समस्या निवारण शिविर का उद्देश्य जनता की सेवा करना आर योजनाओं का लाभ उनतक पहुंच रहा है या नहीं इसका पता लगाना है। इसके लिए हमारी सरकार के मंत्री, विधायक व जनप्रतिनिधि जन चौपाल में शामिल होकर 40 दिनों तक लोगों से संवाद करेंगे।

### सामूहिक दुष्कर्म मामला: सख्ती से होगी कार्रवाई

सीएम श्री साय ने सरगुजा के मैनपाट में आदिवासी बालिकाओं का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने की घटना को लेकर कहा कि इस तरह की घटनाएं नहीं घटनी चाहिए। घटती है तो दुखद है। जब से हमारी सरकार आई है ऐसे मामले में त्वरित कार्रवाई हो रही है और एफआईआर भी हो रहा है। जांच के बाद अपराध सिद्ध होने पर सख्ती से कार्रवाई हो रही है। इस मामले में भी अपराधियों की गिरफ्तारी हो गई है। कोई कितना भी रसूखदार हो इस सरकार में सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।



# एमबीबीएस डॉक्टर बनने सरगुजा में 4763 ने दी नीट यूजी की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रविवार को एमबीबीएस सीटों में प्रवेश हेतु नीट यूजी की परीक्षा आयोजित की गई। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के लिए 12 केंद्र बनाए गए थे। इन केंद्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा ली गई। नीट यूजी की परीक्षा में शामिल होने अभ्यर्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। परीक्षा में संभाग भर से 4763 अभ्यर्थी शामिल हुए जबकि 176 अनुपस्थित रहे।

- शहर के 12 केन्द्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ली गई परीक्षा

बता दें कि नीट यूजी के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 2026 का आयोजन रविवार को संभाग मुख्यालय में किया गया। एमबीबीएस की सीटों में प्रवेश के लिए आयोजित इस परीक्षा हेतु संभाग मुख्यालय में कुल 12 केंद्र बनाए गए थे। इसके साथ ही इस परीक्षा के लिए कुल 4939 परीक्षार्थियों ने अपना पंजीयन कराया था। नीट की परीक्षा हेतु एनटीए व जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। परीक्षार्थियों को सुबह 11 बजे से ही परीक्षा केंद्र में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। सुबह से ही परीक्षा केन्द्रों के बाद अभ्यर्थियों को मेटल डिटेक्टर से जांच की गई। परीक्षा के दौरान पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति हेतु फिंगरप्रिंट और फोटो लिए गए। वहीं परीक्षा हेतु ड्रेस कोड भी निर्धारित किया गया था जबकि मोबाइल, ब्लूटूथ, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और वॉलेट, बेल्ट, हैंडबैग पूरी तरह प्रतिबंधित थे। इस दौरान अभ्यर्थियों को कड़ी जांच के बाद परिसर में प्रवेश दिया गया। नीट यूजी की परीक्षा शहर के मल्टी परपज स्कूल, कन्या उमावि, पीजी कॉलेज, पोलिटेक्निक कॉलेज, केन्द्रीय विद्यालय, पुलिस लाइन स्कूल, नगर पालिका निगम स्कूल, कन्या उमावि मणिपुर, राजमोहिनी देवी एग्रीकल्चर कॉलेज, पीएम श्री नवोदय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर में कड़ी सुरक्षा के बीच ली गई। इस दौरान नकल प्रकरण को रोकने के लिए टीम का गठन किया गया था। दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चली नीट यूजी की परीक्षा में कुल 4 हजार 7 सौ 63 अभ्यर्थी शामिल हुए जबकि 1 सौ 76 अनुपस्थित रहे। परीक्षा को लेकर ख़ासा उत्साह देखने को मिला। हालांकि कुछ सवालों ने अभ्यर्थियों को काफी परेशान किया लेकिन ज्यादातर अभ्यर्थी अपनी परीक्षा को लेकर संतुष्ट नजर आए।

## खबर संक्षेप

### पत्नी गई मायके तो नाराज पति ने पी लिया कीटनाशक, मौत

**अंबिकापुर।** एक युवक ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली। युवक को गम्भीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। युवक पत्नी के मायके जाने से दुखी था। फिलहाल मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। अस्पताल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम कोटेया निवासी 26 वर्षीय मोंटेश्वर कुमार पैकर आ. शंकर राम अपनी मां व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रहता था। युवक की मां सुमित्रा के अनुसार मोंटेश्वर की पत्नी एक माह से अपने मायके बेलगांव में रह रही थी। इस बीच 1 की दोपहर जब महिला घर में बर्तन धो रही थी तो उसके पुत्र मोंटेश्वर ने एक गिलास लाकर मां को धोने के लिए दिया लेकिन कुछ समय बाद उसने उल्टी करना शुरू कर दिया। युवक के मुंह से कीटनाशक का गंध आ रहा था। जब मां ने पूछताछ की तो युवक ने कीटनाशक पीने की बात कही। युवक को उपचार के लिए आनन फानन में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां 2 मई को देर रात मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया है। संभावना जताई जा रही है कि पत्नी के मायके जाने से दुखी होकर युवक ने यह कदम उठाया है।

### अग्निवीर भर्ती परीक्षा हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण 31 तक

**बलरामपुर।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अग्निवीर भर्ती के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों को ऑनलाइन लिखित परीक्षा (सीईई) की तैयारी हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती 2027 के लिए जारी अधिसूचना के तहत 10 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। पंजीकृत अभ्यर्थियों की ऑनलाइन लिखित परीक्षा 1 से 15 जून के मध्य आयोजित किया जाना संभावित है। इस परीक्षा की तैयारी को सुदृढ़ बनाने के लिए संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बलरामपुर द्वारा 1 से 31 मई तक परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक पंजीकृत अभ्यर्थी रोजगार विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

# डिपार्टमेंटल कॉलोनी में सूने घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात की चोरी

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर की डिपार्टमेंटल कॉलोनी में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात पार कर दिए। वहीं, एक अन्य घटना में वन-सी कॉलोनी से घर के बरामदे में खड़ी बाइक चोरी हो गई,दोनों मामलों की शिकायत बिश्रामपुर थाने में दर्ज कराई गई है और पुलिस जांच में जुटी है।

- वन-सी कॉलोनी से बाइक को अज्ञात चोरों ने किया पार, सूने आवासों को निशाना बना रहे संगठित चोर

जानकारी के अनुसार, डिपार्टमेंटल कॉलोनी क्वार्टर नंबर 439 निवासी गोरखनाथ सिंह का परिवार 27 अप्रैल को घर में ताला लगाकर कोरबा गया हुआ था। शनिवार रात जब परिवार वापस लौटा तो घर का ताला टूटा मिला और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर आलमारी से सोने-चांदी के जेवरात गायब पाए गए। चोरी हुए सामान में दो जोड़ी झुमका, एक जोड़ी बाली, टॉप्स, सोने की चेन, नथिया, मांग टीका, जीवतिया हार, नाक की किल, चांदी की चेन, चार जोड़ी पायल, अंगूठी सहित अन्य जेवर शामिल हैं। पीड़ित परिवार के अनुसार, इस घटना में करीब 5 से 7 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं दूसरी घटना वन-सी कॉलोनी क्वार्टर नंबर 26 में हुई, जहां निवासी अनिकेत सिंह रॉय के घर के बरामदे में खड़ी नई होंडा साइन बाइक क्रमांक सीजी 15 ईएफ 9958 को चोर साथ ले गए जिसकी कीमत लगभग एक लाख रुपये बताई जा रही है। गौरतलब है कि दो दिन पहले ही सतपता खुटनपारा निवासी शिक्षक अशोक राजवाड़े के सूने घर में भी चोरी की वारदात हुई थी, जिसमें नगदी समेत लाखों के जेवरात चोरी हो गए थे। लगातार सूने घरों को निशाना बनाए जाने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है,आशंका जताई जा रही है कि किसी संगठित चोर गिरोह द्वारा पहले रेकी कर वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। इधर, पुलिस अब तक कई मामलों का खुलासा नहीं कर पाई है, जिससे रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं।



# वीर नारयण वार्ड में 2.90 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहीद वीर नारायण वार्ड क्रमांक 23 में भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, एमआईसी सदस्य श्रीमती श्वेता गुप्ता एवं जितेन्द्र सोनी ने जनप्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। कार्यों की स्वीकृति अंबिकापुर विधायक व छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल एवं महापौर श्रीमती मंजूषा भगत द्वारा विगत वर्ष भारी बारिश के कारण जल भराव की स्थिति में जन संपर्क के दौरान वार्ड पार्षद की मांग पर कराया गया है।

- मेयर के साथ ही भाजपा प्रदेश महामंत्री व अन्य अतिथियों ने की कार्य की शुरुआत

अधोसंरचना मद से गाड़ाघाट मार्ग सुलभ शौचालय से महादेव बस्ती ट्रांसफार्मर तक डामरीकरण कार्य लागत 43.31लाख, शिवशंकर नगर से महादेव गली तक सड़क डामरीकरण कार्य लागत 18.17 लाख, अन्नपूर्णा सामुदायिक भवन से महादेव बस्ती तक नाला निर्माण कार्य लागत 97.34 लाख, महादेव बस्ती से चोरकाकछार तक नाला निर्माण 131.85 लाख, इस प्रकार कुल 290.67 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने कहा कि नगर निगम अंबिकापुर, प्रदेश व देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और जहां भाजपा है, वहां विकास है। नगर निगम अंबिकापुर में महापौर मंजूषा भगत के नेतृत्व में सरकार बने केवल एक वर्ष हुए हैं। अंबिकापुर के लगभग सभी सड़क स्वीकृत हैं, कार्य प्रारंभ है। उन्होंने कहा कि विष्णु देव साय सरकार में विकास कार्य के लिए पैसे की कोई भी कमी नहीं है , हम नागरिकों को विश्वास दिलाते हैं कि अंबिकापुर और वार्ड के विकास कार्य इन पांच वर्ष में पूर्ण हो जाएंगे। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा मैंने भारी बारिश के कारण जल भराव के दौरान इस वार्ड का दौरा किया था। वार्ड वासियों की समस्या से अवगत हुई थी। आपके पार्षद ने प्राथमिकता के आधार पर नाला एवं सड़क डामरीकरण का मांग किया था। अम्बिकापुर विधायक एवं मेरे प्रयास से तत्काल उनकी स्वीकृति शासन से कराई गई है। उन्होंने कहा कि नगरवासियों द्वारा वार्ड पार्षद व मुझे भारी मत रूपी आशीर्वाद प्रदान किया गया, जिसके लिए हम सदा ऋणी व इस क्षेत्र के विकास हेतु समर्पित रहेंगे। सभापति ने कहा कि हमारी सरकार हमने बनाया है, हमही सवारेंगे के नारा को अनुसरण कर कार्य कर रही है। शहर की विकास हेतु हम संकल्पित हैं। हमारी ट्रिपल इंजन की सरकार है, विकास में किसी प्रकार की कोई अड़चन नहीं आएगी। जनता की सेवा हमारा परम कर्तव्य है। एमआईसी सदस्य व वार्ड के पार्षद जितेंद्र सोनी ने कहा यह वार्ड ग्राम पंचायत से अलग हुआ था एवं विकास कार्य से अछूता है। जिस विश्वास से आपने वार्ड में मुझे एवं महापौर जी को अपना भरपूर आशीर्वाद दिया। उस पर हम खरा उतरेंगे। इस दौरान पार्षद शैलेश सिंह, पूर्व पार्षद रमेश जायसवाल, श्रीमती उर्मिला सोनी, विकास गुप्ता, सुरेश सोनी, मनोज सोनी, महामाया मंडल के मंत्री अतीश सिंह, संजय जायसवाल, शशिकांत राय, भास्कर पाण्डेय सहित अन्य मौजूद थे।



भूमिपूजन करती महापौर व अन्य।



## खबर संक्षेप

### हवाई जहाज नजदीक से गुजरने की खबर से बाजार गर्म

**सोनहत।** विगत एक दो सप्ताह से ग्रामों में एक अजीबो-गरीब दृश्य देखा जा रहा है, जब दोपहर के आसपास ग्रामीण इलाकों में काफी नजदीक से हवाई जहाज गुजरते हुए दिखाई दे रहे हैं। ग्राम भैंसवार, लटमा, सोनहत धान खरीदी केन्द्र, भेलवाडांड सहित वनांचल के कई गांवों से हवाई जहाजों का गुजरना आम हो गया है। यह दृश्य ग्रामीणों के लिए अचंभे का कारण बन चुका है, इससे आसपास के इलाके में कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। कुछ गांवों के युवाओं ने हवाई जहाजों को काफी नजदीक से गुजरते हुए देखा और उनका फोटोशूट भी किया। सोशल मीडिया पर इस घटना के फोटो और वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिससे स्थानीय लोग इस घटना को लेकर चर्चाओं में जुटे हुए हैं। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार कुछ लोग इसे मौजूदा हवाई सर्वे का हिस्सा मान रहे हैं, तो कुछ इसे क्षेत्र में कोल माइंस के खुलने के लिए चल रहे सर्वे की संभावना से जोड़कर देख रहे हैं। वहीं कुछ लोग इसे जंगल क्षेत्र में हवाई निगरानी के तौर पर देख रहे हैं। इन अटकलों के बीच देर शाम के समय में इन चर्चाओं ने गांवों में खासा तूल पकड़ लिया है और यह मामला चौक-चौराहों पर चर्चा का विषय बन गया है।

### हुजैफा ने अर्जित किए 93.5 प्रतिशत अंक

**वेस्ट चिरमिरी।** छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाई स्कूल परीक्षा



परिणाम में वेस्ट चिरमिरी पोड़ी के होनहार छात्र मोहम्मद हुजैफा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का ऐसा परचम लहराया है जिसने न केवल उनके परिवार को बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित कर दिया है। 600 में से 561 अंक 93.5 प्रतिशत प्राप्त कर हुजैफा ने प्रथम श्रेणी के साथ-साथ सभी विषयों में डिस्टिंक्शन हासिल कर अपनी अद्भुत प्रतिभा का परिचय दिया है। स्थानीय व्यापारी मोहम्मद रियाज के सुपुत्र हुजैफा ने सिद्ध किया कि सच्ची लगन, अनुशासन और कड़ी मेहनत से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उनके परीक्षा परिणाम में विशेष रूप से विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों में 99-99 अंक प्राप्त करना उनकी गहरी समझ, एकाग्रता और कठिन परिश्रम को दिखाता है। अंग्रेजी में 96 तथा हिंदी और संस्कृत में 84.84 अंक हासिल कर उन्होंने संतुलित और सर्वांगीण प्रदर्शन किया है। हुजैफा की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार और उनके शिक्षकों तथा सहपाठियों में हर्ष व्याप्त है। वहीं हुजैफा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरूजन और अनुशासित दिनचर्या को दिया है।

### सड़क किनारे खड़े व्यक्ति को बाइक ने मारी टक्कर

**रामानुजगंज।** शनिवार सुबह 9 बजे वार्ड क्रमांक 3 स्थित रिंग रोड पर एक तेज रफ्तार बाइक ने सड़क किनारे खड़े व्यक्ति को टक्कर मार दी जिससे चार लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार घर के बाहर खड़े मोहम्मद मकसूद (52 वर्ष) को बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक पर सवार मनोज (22 वर्ष), उसकी पत्नी गीता (19 वर्ष) और भतीजी प्रतिमा (14 वर्ष) भी हादसे में घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल मनोज और मकसूद को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि हल्की चोटें आने पर गीता और प्रतिमा को 100 बिस्तर अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया, जहां सभी घायलों का उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि बाइक सवार सभी लोग सुगवादामर, झारखंड के निवासी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रिंग रोड पर तेज रफ्तार वाहन अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से इस मार्ग पर गति नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

### बोर्ड परीक्षा में राज ने 91 प्रतिशत अंक किया अर्जित

**बैकुण्ठपुर।** छग शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा



परिणाम में बैकुंठपुर के छात्र राज ठाकुर ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। राज की यह सफलता उनके लगातार कठिन परिश्रम और शिक्षा के प्रति लगन का परिणाम है। शुरूआत से ही पढ़ाई में मेधावी रहे राज ने सभी विषयों में विशेष योग्यता के साथ यह उच्चतम उपलब्धि हासिल की। अपनी सफलता पर उत्साहित राज ने अपने माता-पिता और विद्यालय के शिक्षकों को आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सफलता उनके आशीर्वाद और मार्गदर्शन के कारण ही संभव हो पाई है। राज ठाकुर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाईस्कूल भखार, विकासखंड बैकुंठपुर का छात्र है। राज ने अपनी आगे की शिक्षा को लेकर भी बड़ा लक्ष्य तय किया है। राज ने कहा कि अब मैं साइंस में आगे की पढ़ाई करूंगा और निट परीक्षा क्वालीफाई कर डॉक्टर बनकर अपने ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की सेवा करना चाहता हूं। राज के माता-पिता भी उनकी सफलता में अहम योगदान दे रहे हैं।

### कई कार्यालयों के कामकाज अब तक कोरिया जिले से हो रहा संचालित

# बुनियादी प्रशासनिक सुविधाओं के लिए तरस रहा एमसीबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) जिला गठन को तीन वर्ष से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी जिला आज तक बुनियादी प्रशासनिक सुविधाओं के लिए तरस रहा है। जिस उद्देश्य से जिले का गठन किया गया था, तेज प्रशासन, बेहतर कानून-व्यवस्था और आम जनता को राहत, वह आज भी अधूरा नजर आ रहा है।

जमीनी हकीकत यह है कि कई आवश्यक कार्यालय अब तक शुरू नहीं हो पाए हैं और जो व्यवस्थाएं मौजूद हैं, वे संसाधनों की भारी कमी से जूझ रही हैं। जिला बनने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि उन्हें हर जरूरी सेवा अपने ही जिले में मिलेगी, लेकिन आज भी कई काम फाइलों और घोषणाओं में उलझे हुए हैं। अनेक जिला स्तरीय कार्यालयों का संचालन शुरू नहीं हो सका है, जिससे नागरिकों को बार-बार भटकना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि कोरिया जिले से विभाजित होकर 9




सितंबर 2022 को छग के 32 वें जिले के रुप में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) जिला अस्तित्व में आया। इस जिले का शुभारंभ तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किया गया था। अब जिला गठन को तीन वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी यहां कई प्रमुख कार्यालय पूर्ण रूप से संचालित नहीं हो पाए हैं। जिस उद्देश्य से नए जिले का निर्माण किया गया था, वर्तमान में यहां प्रशासनिक सुगमता, त्वरित सेवाएं और बेहतर कानून व्यवस्था वह जमीनी स्तर पर पूरी तरह साकार नहीं हो सका है।

#### अब भी कोरिया का करना पड़ रहा रूख

एमसीबी जिले में पीडब्लूडी, जिला परिवहन कार्यालय, समाज कल्याण विभाग समेत कई सरकारी कार्यालयों के अलावा उपभोक्ता फोरम एवं बाल न्यायालय की सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण नागरिकों को मामलों की सुनवाई के लिए कोरिया जिला जाना पड़ता है। छोटे-छोटे मामलों में भी लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय और धन की बर्बादी के साथ मानसिक तनाव भी बढ़ जाता है। कोरिया और एमसीबी कलेक्टर कार्यालय में होने वाले सोमवार और मंगलवार को साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में भी कई अधिकारी दोनों जिले में अपनी उपस्थिति समयानुसार दर्ज कराते हैं।

#### पुलिस बल की कमी

कानून-व्यवस्था की स्थिति भी चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। जिले में पुलिस बल की कमी के कारण थानों और चौकियों में तैनात कर्मियों पर अतिरिक्त दबाव है। सीमित स्टाफ के भरोसे पूरे जिले की सुरक्षा व्यवस्था संभाली जा रही है, जिससे गश्त, जांच और आपराधिक मामलों के निपटारे में देरी की शिकायतें सामने आ रही हैं। जिले में अब तक महिला थाना स्थापित नहीं किया गया है। महिलाओं से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है।

#### जिला मुख्यालय में बेलगाम यातायात

एमसीबी जिले का प्रशासनिक मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में स्थापित किया गया है। यातायात व्यवस्था भी गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। शहर के मुख्य चौराहों और बाजार क्षेत्रों में अव्यवस्थित पार्किंग, तेज रफ्तार वाहन और नियमों की अनदेखी आम बात हो गई है। यातायात नियंत्रण के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से जाम की स्थिति बनती है, जिससे आम नागरिकों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ती है।

# जिले में 7 को ग्राम रोजगार दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में आगामी 7 मई को समस्त ग्राम पंचायतों में ग्राम रोजगार दिवस का आयोजन किया जाएगा। राज्य स्तर से जारी निर्देशों के अनुसार प्रत्येक माह की 7 तारीख को चावल महोत्सव के साथ रोजगार दिवस एवं आवास दिवस आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

इसी क्रम में कलेक्टर चंदन त्रिपाठी ने जिले की सभी ग्राम पंचायतों में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए इन आयोजनों को प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं। इस आयोजन के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं से संबंधित गतिविधियां संचालित की जाएंगी, जिनका उद्देश्य ग्रामीण विकास को गति देना और आमजन को योजनाओं से सीधे जोड़ना है। राज्य शासन द्वारा संचालित सुशासन तिहार के अंतर्गत निर्देश दिए गए हैं कि ग्राम पंचायत स्तर पर ही मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाए। आवश्यकता पड़ने पर इन समस्याओं को विकासखंड या जिला स्तर पर ले जाकर उनका शत-प्रतिशत समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। रोजगार सह आवास दिवस के दौरान स्वीकृत सभी आवासों को अधिकतम 90 दिनों के भीतर पूर्ण कराने के लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी। साथ ही हितग्राहियों को उनके खाते में हस्तांतरित राशि की जानकारी भी दी जाएगी, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को निर्माण सामग्री आपूर्ति एवं अन्य आजीविका गतिविधियों से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देने और लंबित जियो-टैगिंग कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए हैं। रोजगार दिवस के अवसर पर 15 ग्राम पंचायतों में



■ चावल महोत्सव और आवास दिवस के साथ होंगी विविध गतिविधिया

नवा तरिया आय के जरिया अभियान के तहत नए तालाबों के निर्माण की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। साथ ही मनरेगा के अंतर्गत चल रहे कार्यों को मई माह में पूर्ण करने और मांग आधारित नए कार्य प्रारंभ करने पर भी चर्चा की जाएगी। ग्राम पंचायतों में आजीविका डबरी के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर विकसित करने की दिशा में योजनाओं को अंतिम रूप दिया जाएगा। महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सूचना पटल पर परिवार की महिला सदस्य का नाम अंकित करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। 7 मई को सभी ग्राम पंचायतों में मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित जानकारी दफ कोड के माध्यम से सार्वजनिक स्थलों पर उपलब्ध कराई जाएगी, इससे ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी आसानी से प्राप्त हो सकेगी और पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा।

# लाडली पथ पर निकली जागरूकता रैली

**अनूपपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत सेक्टर डोला में 2 मई को लाड़ली लक्ष्मी उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम परियोजना अधिकारी सुश्री सीमा गाजू के निर्देशन एवं सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती सीमा सिंह के मार्गदर्शन में डोला, सेक्टर सी एवं डुमर कछार के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में आयोजित किया गया।



उत्सव के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रों से जुड़ी किशोरी बालिकाओं एवं लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं द्वारा लाड़ली पथ पर भव्य जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से बालिका शिक्षा, सशक्तिकरण और संरक्षण का संदेश पूरे क्षेत्र में प्रसारित किया गया। रैली के पश्चात बालिकाओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर के जनप्रतिनिधियों सहित काफी संख्या में नन्ही-नन्ही बालिकाएं शामिल रहीं। कार्यक्रम में नगर परिषद डोला की अध्यक्ष श्रीमती रीनू सुरेश कोल एवं वार्ड पार्षदों की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने बालिका शिक्षा और शासन की योजनाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। लाड़ली लक्ष्मी योजना जिसकी शुरूआत वर्ष 2006 में हुई थी, बालिकाओं के समग्र विकास एवं शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत पात्र बालिकाओं को विभिन्न कक्षाओं में प्रोत्साहन राशि के साथ उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है तथा 21 वर्ष पूर्ण होने पर एकमुश्त राशि देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाता है। यह आयोजन डोला क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रं.145, 147, 227, 150, 146 एवं डुमर कछार के केन्द्र क्रं. 155, 156, 160 के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर को मिला एनक्यूएएस प्रमाणन

**मनेन्द्रगढ़।** जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में निरंतर प्रगति का एक और महत्वपूर्ण उदाहरण सामने आया है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयासों एवं मार्गदर्शन में जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं लगातार सुदृढ़ हो रही हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिला ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। जिले के अंतर्गत संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर, छिपछिपी को राष्टीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन प्राप्त हुआ है। यह प्रमाणन स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध उच्च गुणवत्ता की सेवाओं, स्वच्छता, मरीजों की सुरक्षा, बेहतर उपचार एवं सुव्यवस्थित प्रबंधन का प्रमाण है।

### तालाब में जलकुंभी से फैली हरियाली...



बैकुण्ठपुर। ग्राम पंचायत खरवत में स्थित इस तालाब को पूरी तरह कमल, शैवाल एवं जलकुंभी पूरी तरह से अपनी आगोश में ले लिए है, जिसे दूर से देखने पर ऐसा लगता है जैसे कोई खेल मैदान की हरियाली हो।

### हिन्द विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**चरचा कॉलरी।** हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के वार्षिक परीक्षा परिणाम का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों की उपस्थिति ने इसे एक उत्सव का रूप दे दिया। समारोह के मुख्य अतिथियों में शिवपुर-चरचा नगर पालिका के उपाध्यक्ष राजेश सिंह, वरिष्ठ पत्रकार नीरज गुप्ता, पत्रकार अंकित अग्रवाल और पार्षद कुंडल साय शामिल रहे। विद्यालय के डायरेक्टर निसार खान और प्राचार्य शशिभूषण राय के नेतृत्व में यह आयोजन संपन्न हुआ।

# तूफान और बारिश से राहत की उम्मीद



**सोनहत।** क्षेत्र में दिन की शुरूआत तेज धूप के साथ हुई थी, लेकिन जैसे-जैसे समय बढ़ा, मौसम में भारी बदलाव देखा गया। सुबह से ही गर्मी और तेज धूप थी, लेकिन दोपहर 2 बजे के बाद मौसम में अचानक परिवर्तन हुआ। इस दौरान तेज हवा, तूफान और फिर हल्की रिमझिम बारिश शुरू हो गई, जिससे वातावरण पूरी तरह से बरसाती हो गया। बारिश और तूफान का असर सिर्फ मौसम पर ही नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवन पर भी पड़ा।

बारिश के चलते बाइक सवारों से लेकर दुकानदारों तक सभी लोग बेमौसम बारिश से बचने के लिए अपने-अपने घरों और दुकानों में दुबक गए। मौसम का यह बदलाव किसानों के लिए भी अहम है, क्योंकि अब खेतों में काम करने की तैयारी और बुआई के लिए गोबर खाद, आदि की आपूर्ति तेजी से की जा रही है। किसान अपने खेतों में आने वाली बारिश को एक सकारात्मक संकेत मान रहे हैं।

# कलेक्टर से ग्रामीणों ने की पुलिया निर्माण की मांग

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर कार्यालय से कुछ ही किमी की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत आमगांव के सेमरपारा के ग्रामीणों ने कलेक्टर को शिकायत देकर पुलिया निर्माण किए जाने की मांग की। ग्रामीण प्रमिला, दुर्गावती, बसंती, नीतू, सुशीला, श्यामकली, चंदन, अजय, लालमन, साहिल आदि ने कलेक्टर को शिकायत देकर मांग की है कि ग्राम पंचायत आमगांव के सेमरपारा में लगभग 20 से 25 घर के परिवार निवास करते हैं और उनके घर के पास बरसात का पानी जमा हो जाता है, जिसके निकासी की कोई साधन नहीं होने कारण लोगों के कच्चे घर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं, ऐसे में किसी भी समय कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि बरसात के पूर्व ग्राम पंचायत आमगांव के सेमरपारा में पुलिया निर्माण कार्य कराए जाए।



# बोलेरो में गौ तस्करी, वाहन छोड़कर तस्कर फरार

**डभरा ।** डभरा क्षेत्र में लगातार अवैध रूप से गौ तस्करी की शिकायत आ रही है। बीती रात्रि बोलेरो वाहन से गौ तस्करी की जा रही थी। गौ सेवा समिति के सदस्यों ने खरसिया रोड पर बोलेरो वाहन को पकड़ा। इस दौरान तस्कर मौके से भाग निकले। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और वाहन मालिक की पतासाजी की जा रही है। क्षेत्र में लगातार गौ तस्करी की घटना सामने आ रही है। बाहर से आकर गौ तस्कर बड़े पैमाने पर रात के अंधेरे में गौ तस्करी को अंजाम दे रहे हैं। शुक्रवार की रात्रि लगभग 12 बजे बोलेरो वाहन क्रमांक सी जी 15, बी 3075 से 7 गाय को भर कर ले जाया जा रहा था। तभी भद्री स्थित गोपाल गौ सेवा समिति को इसकी सूचना मिली। समिति के सदस्यों ने खरसिया रोड से आ रही बोलेरो वाहन का पीछा कर घेराबंदी करते पकड़ा, लेकिन अंधेरे का फायदा उठा कर दो गौ तस्कर और वाहन चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गए। बोलेरो वाहन में पीछे की सीट को निकाल कर 7 गाय को ठूंस-ठूंसकर पैरों को बांधकर भर दिया गया था। गौ सेवकों ने तत्काल इसकी सूचना फागुरम चौकी प्रभारी को दी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के द्वारा सभी गायों और वाहन को चौकी लाया गया जहां गौ माताओ गौ सेवकों के यहां सुपुर्दनामा में सौंपा गया है। साथ ही पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध दर्ज करते हुए तस्करों एवं वाहन चालक की पतासाजी की जा रही है।



बोलेरो में ठूंस-ठूंसकर भरे गाय।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**जांजगीर-चांपा।** सक्ती जिले के कोटमी-बघौद मुख्य मार्ग पर सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हादसा ट्रैक्टर चालक की लापरवाही के कारण हुआ, जिसने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना डभरा थाना क्षेत्र की है।

■ डभरा थाना क्षेत्र के कोटमी-बघौद मुख्य मार्ग की घटना

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अकोलजमोरा निवासी राजेंद्र पटेल (28 वर्ष) शुक्रवार 1 मई की शाम अपनी मोटरसाइकिल से कोटमी बाजार की ओर जा रहा था। इसी दौरान कोटमी और बघौद के बीच एक ट्रैक्टर चालक ने तेज गति और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल मदद करते हुए युवक को प्राइवेट एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डभरा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही डभरा पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर आगे की जांच शुरू कर दी है। साथ ही ट्रैक्टर चालक की पतासाजी की जा रही है।

### दोपहर में सूनसान नजर आईं शहर की सड़कें

# बारिश के बाद बढ़ी तपिश, आमजन हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

इस वर्ष ज्येष्ठ के महीने की शुरूआत होने के पूर्व से ही मौसम ने करवट बदल ली थी, इसके चलते ज्येष्ठ महीने के पहले दिन ही जिले में गरज चमक एवं तेज हवाओं के बीच बारिश हुई और मौसम सुहाना हो गया, इसके दूसरे दिन सुबह आसमान साफ रहा और लगातार धूप खिले रहने से दोपहर तक झुलसाने वाली गर्मी लगती रही, इसके चलते दोपहर के समय शहर में लोगों की आवाजाही कम ही रही।

शहर में साप्ताहिक बाजार का दिन होने के बावजूद तेज धूप के कारण दोपहर के समय लोगों की आवाजाही कम रही। वहीं दोपहर के समय अचानक आसमान में बादलों का डेरा जम गया, लेकिन बिन बरसे ही कुछ समय बाद बादल छंट गए। जानकारी के अनुसार इस दिन शहर का अधिकतम तापमान 38 डिग्री रहा, जबकि अप्रैल के अंतिम सप्ताह में अधिकतम तापमान 42 डिग्री तक पहुंच गया था, तब लोगों को लग रहा था कि मई के महीने में आसमान में आग बरसेगा, लेकिन अप्रैल के अंतिम दिनों में अचानक हवाओ की दिशा बदलने से मौसम ने फिर करवट बदली और तापमान में 4 डिग्री की गिरावट आ गई। मौसम विभाग के अनुसार अभी कुछ दिनों तक बादलों भरा मौसम रहेगा और बारिश की भी संभावना है, जिससे कि तापमान में अभी और गिरावट होने की संभावना है। मई की शुरूआत होने के पूर्व ही मौसम के करवट बदलने के कारण अधिकतम तापमान में गिरावट आई और तेज झुलसाने वाली गर्मी से राहत तो मिली है, इसके बावजूद जब आसमान साफ होता तब सूर्य के किरणों से शरीर झुलसने लगता है। रविवार को सुबह से लेकर दोपहर तक तेज धूप के असर के कारण शहर के व्यस्त मार्ग पर दोपहर के समय सन्नाटा पसरा रहा लोगों की आवाजाही कम रही।



रविवार को दोपहर में सूनी रही सड़क।

# आईपीएल मैचों में सट्टा खिलाने वाले दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**सक्ती ।** आईपीएल मैचों में एप के माध्यम से सट्टा खिलाने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सक्ती थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में सक्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक प्रफ्फुल कुमार ठाकुर द्वारा आई.पी.एल के क्रिकेट मैचों में होने वाले सट्टा पर अंकुश लगाने हेतु अभियान चलाने के निर्देश दिए गए है। पुलिस ने भुपेन्द्र राठौर पिता सतीश राठौर उम्र 28 वर्ष को आई.पी.एल. सट्टा का अलग-अलग साईट बेटिंग एप्प के माध्यम से ऑनलाईन सट्टा संचालित करने तथा एप्प के माध्यम से क्यू-आर कोड जनरेट कर अलग अलग लोगों को व्हाट्सप के माध्यम से बांटकर सट्टा से रकम प्राप्त करने पर पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। प्रकरण में चंद्रेशकुमार राठौर पिता कृष्ण कुमार उम्र 32 वर्ष निवासी नंदौर खुर्द एवं मुकेश अग्रवाल पिता स्वर्गीय गोविंद राम अग्रवाल उम्र 46 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 16 स्टेशन रोड सक्ती द्वारा आईडी खरीदकर खट्टा खेलाना पाया गया। आरोपियों के कब्जे से 2 नग मोबाईल कीमती 30 हजार को जप्त कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपीगण का कृत्य धारा- 07 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 का अपराध पाये जाने से गिरफतार कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।



## खबर संक्षेप



### भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

**अम्बिकापुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की मासिक बैठक सियान सदन में हुई।बैठक में जिलाध्यक्ष मानिक चंद ने कहा कि आठवें वेतन आयोग में पेंशनरों के साथ न्याय होगा इसके लिए संगठन राष्ट्रीय स्तर से लेकर राज्य स्तर के पदाधिकारी लगे हैं। सरगुजा में सदस्यता अभियान तेजी से चल रहा है। संभागीय अध्यक्ष गुरचरण सिंह ने बताया कि संभाग के अन्य जिलों में शीघ्र कार्यकारिणी गठित होगी।कोषाध्यक्ष ने आय व्यय की जानकारी साझा की। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप सोनी एवं प्रांतीय संयोजक अनिल कुमार तिवारी का गमछा पहना कर सममानित किया गया। उपाध्यक्ष प्रदीप सोनी ने शासन से पेंशनरों को उसी दिन पी पी ओ जारी करने एवं अन्य स्वत्वों का भुगतान करने की मांग की।बैठक में श्रीमती सरिता सिंह, एस एन कुशवाहा, बी सी अग्रवाल, पी सी मेहता, मूरत सिंह, शैलेन्द्र सिंह, के एन चौधरी, एस के सिंह, आर सी सेन, पी आर भगत, चरण सिंह सैनी, चंद्रमणि मिश्रा उपस्थित रहे ।

### सर्व समाज युवा प्रकोष्ठ के दीपक लाल अगिरया जिलाध्यक्ष

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज की बैठक लोक नायक जय प्रकाश वार्ड में हुई जिसमें संगठन के कार्यों एवं संभाग के सभी मंडल एवं जिलों में बैठक कर पदाधिकारियों की नियुक्ति एवं कार्यकारिणी विस्तार पर विचार विमर्श किया गया।बैठक में दीपक लाल अगरिया को संगठन के युवा प्रकोष्ठ सरगुजा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद यादव, रश्मि जायसवाल, रंजीत सरथी, सुधीर कुमार राणा, संजय यादव, सुनील जायसवाल उपस्थित थे।

### एक महीने में 114 गुमशुदा लोगों को मिलवाया गया अपनों से

**अंबिकापुर।** गुम इंसानों की तलाश हेतु चलाए गए ऑपरेशन तलाश व मुस्कान अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक महीने में ही 114 लोगों को उनके अपनों से मिलवाया है। बता दें कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर गुम इंसानो की तलाश हेतु ऑपरेशन तलाश एवं मुस्कान अभियान की शुरुवात 1 अप्रैल से किया गया है जो पुरे अप्रैल माह चलाया गया है। इस अभियान के तहत डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा श्री राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा जिले के समस्त थाना-चौकी प्रभारियों कों ऑपरेशन तलाश एवं मुस्कान अभियान के तहत अधिक से अधिक संख्या मे गुम इंसानो की पता तलाश कर दस्तायाब कर परिजनों कों सुपुर्द किये जाने के दिशा निर्देश दिए गए थे। इसी कड़ी में अभियान के थ 1 से 30 अप्रैल तक एक महीने में कुल 114 गुम इंसानो कों खोज निकाला है, जिसमे 80 महिला एवं 20 पुरुष एवं 14 नाबालिग में 2 बालक व 12 बालिका शामिल है। सभी गुम इंसानो कों उनके परिजनों कों सुपुर्द किया गया है, डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा के दिशा निर्देशन मे थाना अंबिकापुर कोतवाली द्वारा 12 गुम इंसान, थाना गांधीनगर 25 गुम इंसान, थाना सीतापुर 3 गुम इंसान, थाना लखनपुर 11 गुम इंसान, थाना उदयपुर 10 गुम इंसान, थाना बतौली 4 गुम इंसान, थाना लुन्ड्रा 7 गुम इंसान, थाना धौरपुर 4 गुम इंसान, थाना दरिमा 13 गुम इंसान, थाना मणीपुर 7 गुम इंसान एवं थाना कमलेश्वरपुर पुलिस टीम द्वारा 4 गुम इंसान बरामद किये गए है, थाना गांधीनगर पुलिस टीम द्वारा अभी तक सार्वधिक गुम इंसानो की दस्तायाबी की गई है। मुस्कान अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा 5 नाबालिग बालिका, थाना गांधीनगर द्वारा 4 नाबालिग बालिका, थाना उदयपुर 1 थाना बतौली द्वारा 1 नाबालिग बालिका, एवं थाना धौरपुर 1, मणिपुर 1 कमलेश्वरपुर द्वारा 1 नाबालिग बालिका कुल 14 नाबालिग बालिका पुलिस टीम द्वारा दस्तायाब किये गए है।

## सीसीटीवी में कैद हुई घटना

# बच्चा वार्ड में घुसकर इंजेक्शन लेकर फरार हो गया अज्ञात युवक, सुरक्षा पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- नारकोटिक्स के अंतर्गत आती है उक्त दवा, जांच जारी

मेडिकल कालेज अस्पताल में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। अस्पताल के बच्चा वार्ड में घुसकर एक व्यक्ति नारकोटिक्स इंजेक्शन लेकर फरार हो गया। वार्ड में घुसे व्यक्ति ने खुद को डॉक्टर बताया और मरीज की तबियत खराब होने का हवाला देकर इंजेक्शन उठाकर स्वयं निकल गया। अनाधिकृत रूप से व्यक्ति के वार्ड में घुसने और इंजेक्शन उठाने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि इंजेक्शन लेने वाला व्यक्ति वास्तव में चिकित्सक था या कोई अन्य नशेडी जिसे नारकोटिक्स दवा की जरुरत थी। अस्पताल प्रबंधन इस मामले की जांच करने के साथ ही युवक की पहचान करने में जुटा हुआ है।

बताया जा रहा है कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के अंतर्गत संचालित बच्चा वार्ड में 1 मई की दोपर एक अज्ञात व्यक्ति पहुंचा हुआ था। उक्त व्यक्ति ने खुद को डॉक्टर बताते हुए ड्यूटी पर मौजूद नर्स को उसने खुद को निश्चेतना विभाग से डॉक्टर बताते हुए बताया कि आपातकालीन विभाग में एक मरीज की हालत खराब है और उसे एक नारकोटिक्स इंजेक्शन की जरुरत है। व्यक्ति ने नर्स को उक्त इंजेक्शन का नाम बताया लेकिन नियम के अनुसार एक वार्ड से दूसरे वार्ड में दवा मंगाने का काम नर्सिंग स्टाफ का ही होता है इस लिए नर्स ने दवा नहीं होने की बात कहकर देने से मना कर दिया जिसके बाद युवक ने खुद ही वार्ड में मौजूद क्रेडिल से उक्त एक इंजेक्शन को उठा लिया और निकल गया। ड्यूटी पर मौजूद नर्स ने इस घटना की जानकारी प्रबंधन को दी जिसके बाद हड़कंप मच गया। पता चला है कि उक्त व्यक्ति महिला मेडिकल वार्ड में भी गया था लेकिन वहां नर्स ने उक्त इंजेक्शन नहीं होने की बात कहकर उसे वापस भेज दिया। अस्पताल में हुई यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। सूचना पर पहुंचे अधिकारियों ने इसकी जांच शुरू की। संदिग्ध व्यक्ति ने खुद को निश्चेतना विभाग से बताया था लेकिन जब निश्चेतना विभाग से संपर्क किया गया तो पता चला कि ऐसा कोई डॉक्टर है ही नीं और ना ही किसी ने दवा मंगवाई थी।



वार्ड में घूमता संदिग्ध।

**झटका आने पर दी जाती है दवा**

चिकित्सकों के अनुसार उक्त दवा नारकोटिक्स ड्रग है और बिना डॉक्टर की पर्ची के उक्त दवा को नहीं दिया जाता है। इस दवा का उपयोग झटका, मिर्गी जैसे बीमारियों में किया जाता है और इससे नींद भी आती है। फिलहाल यह पता नहीं चल सका है कि उक्त व्यक्ति ने किस उद्देश्य से जबरन वार्ड में घुसकर उस इंजेक्शन को लिया है या सच में किसी को इसकी जरूरत थी या फिर नशे के लिए इसका उपयोग किया गया। अधिकारी मामले की जांच कर रहे है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई करने के साथ ही जरुरत पड़ने पर थाने में शिकायत दर्ज कराने की बात कही गई है लेकिन अब तक के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब कोई सामान्य व्यक्ति वार्ड में घुसकर जबरन इंजेक्शन लेकर फरार हो गया।

**चल रही है जांच**

बिना अनुमति वार्ड में घुसकर इंजेक्शन उठाकर ले जाने की घटना संज्ञान में आने के बाद जांच चल रही है। सीसीटीवी में भी व्यक्ति का चेहरा कैद हुआ है। जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई करने के साथ ही जरूरत पड़ने पर थाने में शिकायत कराई जाएगी।

-डॉ. जेके रेलवानी
अधीक्षक, मेडिकल कालेज अस्पताल



### बारिश से प्रतापपुर बेहाल, आंधी ने जनजीवन किया अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

- गिरे पेड़, उड़े बैनर-फ्लेक्स, ठप रही बिजली-फसलों को नुकसान से किसानों की बढ़ी चिंता

तपती गर्मी में अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी-तूफान के साथ शुरू हुई मूसलाधार बारिश ने महज एक घंटे में ही प्रतापपुर क्षेत्र का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। तेज हवाओं, बिजली की कड़क के साथ हुई बारिश से क्षेत्र तरबतर हो गया है। अचानक हुई बारिश के बाद मुख्य सड़कों से लेकर गलियों तक पानी भर गया। कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। तेज आंधी के चलते कई छोटे-बड़े पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिर गए, जिससे रास्ते अवरुद्ध हो गए। कुछ स्थानों पर बिजली के खंभों और तारों को भी नुकसान पहुंचने की खबर है। दुकानों के सामने लगे बैनर, फ्लेक्स और त्रिपाल हवा में उड़ गए, जिससे व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ा। कई अस्थायी ढांचे भी क्षतिग्रस्त हो गए। बारिश और तूफान का सबसे ज्यादा असर बिजली व्यवस्था पर पड़ा। पूरे क्षेत्र में ब्लैकआउट की स्थिति बन गई और लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। ग्रामीणों और नगरवासियों का कहना है कि हर साल बारिश के दौरान यही स्थिति बनती है, लेकिन विभाग द्वारा अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। इस प्राकृतिक आपदा का सबसे अधिक असर किसानों पर पड़ा है। खेतों में लगी मौसमी सब्जियों और अन्य फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। तेज हवाओं के कारण कई फसलें झुक गईं या टूट गईं, जबकि बारिश से खेतों में पानी भर गया। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि पहले से ही मौसम की अनिश्चितता के कारण खेती प्रभावित हो रही है। बारिश के बाद मौसम में अचानक ठंडक आ गई, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली।

## मुनाफा कमाने का लालच देकर महिला व्याख्याता से 48 लाख की ठगी

**बिश्रामपुर।** ऑनलाइन ट्रेडिंग में बड़ा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने जयनगर बाजार पारा हाई स्कूल में पदस्थ महिला व्याख्याता से 48 लाख रुपये से अधिक की ठगी कर ली।पीड़िता राजे श्री नारायण पत्नी अमरेंद्र नारायण की शिकायत पर बिश्रामपुर थाना में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, व्याख्याता राजेश्री नारायण निवासी बी टाइप ऑफिसर कॉलोनी बिश्रामपुर को सोशल मीडिया के माध्यम से इनवेस्को इंडिया फैनेंशियल रिपोर्ट डिकोडिंग ग्रुप नामक व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा गया,ग्रुप में मौजूद मोबाइल नंबर 8004302391 और 7047248208 के धारकों ने आईपीओ ट्रेडिंग के जरिए अधिक लाभ का लालच दिया और एक लिंक के माध्यम से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अकाउंट खुलवाया। इसके बाद ठगों ने अलग-अलग तिथियों में यूपीआई और आरटीजीएस के जरिए विभिन्न बैंक खातों में रकम ट्रांसफर कराई।दिनांक 6 अप्रैल से 28 अप्रैल 2026 के बीच पीड़िता ने कई किश्तों में कुल 48 लाख रुपये से अधिक रुपये जमा किए,इसके कुछ समय गुजरने बाद जब उन्होंने राशि निकालने का प्रयास किया,तो ठगों ने टैक्स और सर्विस चार्ज के नाम पर और 4 लाख रुपये जमा करने का दबाव बनाया, जिससे उन्हें अपने साथ ठगी होने का एहसास हुआ,पीड़िता ने बताया कि निवेश के लिए उन्होंने अपने पति अमरेंद्र नारायण स्टाफ ऑफिसर पी एंड पी,एसईसीएल सहित अन्य रिश्तेदारों से उधार लेकर पैसे जुटाए थे,घटना के बाद उन्होंने एनसीआरबी पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है। बिश्रामपुर पुलिस ने 2 मई 2026 को धारा 318(4), 61(2) बीएनएस और आईटी एक्ट की धारा 66(डी) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस ठगी की राशि को होल्ड कराने और आरोपियों की पहचान में जुटी है,गौरतलब है कि जागरूकता अभियानों के बावजूद लोग अधिक मुनाफे के लालच में साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं,बिश्रामपुर क्षेत्र में इतनी बड़ी राशि की ठगी का यह पहला मामला सामने आने से हड़कंप मच गया है।

## पुनर्विवाह को बढ़ावा देने वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन ने अग्रसेन भवन में आयोजित किया परिचय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



विधायक को स्मृति चिन्ह देते समाज के लोग।

सरगुजा संभाग में सामाजिक समरसता एवं पुनर्विवाह को बढ़ावा देने की दिशा में वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन द्वारा आज 3 मई को वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन विशेष रूप से विधवा, विधुर, तलाकशुदा, निराश्रित, दिव्यांग एवं उम्रदराज महिला एवं पुरुषों के लिए समर्पित रहा, जिससे उन्हें एक सम्मानजनक जीवनसाथी चुनने का अवसर मिल सके।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के ऐसे वर्गों के लिए इस प्रकार का आयोजन अत्यंत सराहनीय है। यह पहल न केवल पुनर्विवाह को प्रोत्साहित करती है, बल्कि समाज में समानता, सम्मान और आत्मविश्वास को भी बढ़ाती है। विशिष्ट अतिथियों में मोहन अग्रवाल एवं राजेश यादव जिला संरक्षक, यादव समाज सूरजपुर भी शामिल है। आयोजन समिति के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने कहा कि समाज के ऐसे वर्ग, जिन्हें किसी कारणवश जीवन में अकेलापन झेलना पड़ता है, उनके लिए यह मंच एक नई उम्मीद है। वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन का उद्देश्य सिर्फ विवाह कराना नहीं, बल्कि सामाजिक सम्मान के साथ जीवन को पुनः स्थापित करना है, कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने मंच के माध्यम से अपना परिचय प्रस्तुत किया, जिससे आपसी संवाद एवं समझ को बढ़ावा मिला। अतिथियों ने इस पहल को समाज में सम्मानजनक पुनर्विवाह एवं समावेशी सोच को सशक्त करने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया। शाम तक यहां पर 50 से अधिक लोगों की काउंसलिंग पूर्ण हो चुकी थी, जिसमें 6 परिवारों की आपसी सामंजस्य से नए रिश्ते बन चुके हैं।कार्यक्रम को सफल बनाने में तुलेश्वर जायसवाल, दीनानाथ यादव, दिलीप मिश्रा, साहेब पाठक, शेषनारायण क्षत्रिय, बिंदु प्रसाद गुप्ता, हुकुमसाय राजवाड़े, माधुरी दास, अंजलि चंद्र, मंजू अग्रवाल, थलेश्वर साहू व अन्य सक्रिय रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने मंच के माध्यम से अपना परिचय दिया, जिससे आपसी संवाद एवं समझ को बढ़ावा मिला।

## आध्यात्मिक सशक्तिकरण व्यक्तित्व विकास का साधन

- समर कैंप उमंग का किया गया शुभारंभ

**अम्बिकापुर।** ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा बच्चों के व्यक्तित्व विकास हेतु आयोजित समर कैंप उमंग का शुभारंभ शनिवार को जिला शिक्षा अधिकारी सरगुजा डॉ.दिनेश कुमार झा, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिंसोदिया, रामकृष्ण आश्रम के सचिव स्वामी तन्मयानंद व ब्रह्माकुमारीज संचालिका विद्या दीदी की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर भारत सिंह सिसोदिया ने कहा किआज मन, बुद्धि, शरीर और आत्मा इन्हीं चार स्तर पर अपने सुख की कल्पना करते हैं। हमें स्वयं को अपने जीवन के लिए खुद का प्रकाश बनना चाहिए। डॉ. दिनेश कुमार झा ने कहा कि जिस तरह गिटार को पोंछ कर चमकाया जाता है एवं उसके तार को व्यवस्थित किया जाता है उसी प्रकार जब हम अपने आप को साफ सुथरा, व्यवस्थित रखते हैं तो हमारी कीमत बढ़ जाती है। हमें महान व्यक्तियों से प्रेरणा लेकर स्वयं को भी महान बनना चाहिए। विद्या दीदी ने कहा कि हमें महान व्यक्तियों के जीवन चरित्र सुनकर अपने जीवन को भी महान बनाना है। तनाव में किया गया कार्य हमें कभी भी सफलता नहीं दिला सकता ।समर कैंप का उद्देश्य आध्यात्मिक सशक्तिकरण द्वारा व्यक्तित्व विकास करना है। जीवन में पर्सनालिटी व गुणों के आधार पर आपका मूल्य गिना जाता है।जब हम इनर पावर पर काम करते हैं तब इनर पर्सनालिटी के साथ बाह्य पर्सनालिटी का विकास स्वतः हो जाता है इसके लिए मन, बुद्धि, संस्कार को सकारात्मक सोच के आधार पर दिव्य बनाना है। दिव्यता के आधार पर ही दिव्य संस्कार उत्पन्न किया जा सकता है यह अच्छे संस्कार ही हमें हर जगह सफलता दिला सकते है।स्वामी तन्मयानंद ने कहा कि कभी किसी को भी कष्ट नहीं देना है, सुख देने की प्रवृत्ति हमारे अंदर हो सबके प्रति सहानुभूति रख मददगार बनना चाहिए। अपना काम स्वयं करना चाहिए। ब्रह्मकुमारी बहनों द्वारा सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ, बैच और तिलक लगाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीके प्रतिमा बहन ने किया।




## कलेक्टर से ग्रामीणों ने की पुलिया निर्माण की मांग

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर कार्यालय से कुछ ही किमी की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत आमगांव के सेमरपारा के ग्रामीणों ने कलेक्टर को शिकायत देकर पुलिया निर्माण किए जाने की मांग की। ग्रामीण प्रमिला, दुर्गावती, बसंती, नीतू, सुशीला, श्यामकली, चंदन, अजय, लालमन, साहिल आदि ने कलेक्टर को शिकायत देकर मांग की है कि ग्राम पंचायत आमगांव के सेमरपारा में लगभग 20 से 25 घर के परिवार निवास करते हैं और उनके घर के पास बरसात का पानी जमा हो जाता है, जिसके निकासी की कोई साधन नहीं होने कारण लोगों के कच्चे घर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं, ऐसे में किसी भी समय कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि बरसात के पूर्व ग्राम पंचायत आमगांव के सेमरपारा में पुलिया निर्माण कार्य कराए जाए।



सरगुजा मार्केट

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 9 मई 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 03 मई, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल — 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर — 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल — 3 बजे से 7 बजे तक

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

THE LOTUS CONSULTANCY
JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
COLLEGES COUNSELLING
DEEMED COLLEGE
COUNSELLING
STATE PVT./ GOVT. COLLEGES
FORM FILLUP ASSISTANCE
LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance
Available On Sunday in Ambikapur
CALL FOR PERSONAL GUIDANCE
ANU SHARMA
9109920477

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 10 मई 2026, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

TOP IN SURGUJA

ASHISH
COACHING CLASSES AMBIKAPUR
ADMISSION OPEN FOR ENTRANCE EXAM PREPARATION 2027
SAINIK | NAVODAYA | CLASS 1-10
सैनिक स्कूल एवं नवोदय विद्यालय हेतु प्रवेश प्रारम्भ! 2027 | स्कूल कोचिंग क्लास 1-10
Near Panchsheel Hotel,SBI Collectorate Road,Ghadi Chowk Ambikapur (C.G.) 9009851591

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
प्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
उठने बैठने में तकलीफ
जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
घुटनों में सूजन होना
कंधे की ताकत कम होना
कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
सुबह जोड़ों में अकड़न होना
चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
कम खर्च में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल में
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

### एक पखवाड़े तक जल संकट से रहेगी राहत

# मूसलाधार बारिश के बाद लौटी सूखी कनहर नदी की धारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शनिवार को हुई मूसलाधार बारिश के बाद सूख चुकी कनहर नदी की धारा फिर लौट आई है। नदी में पानी भरने से क्षेत्रवासियों को भारी राहत मिली है। कनहर नदी में पानी भरने से नगरपालिका परिषद के अधिकारियों ने भी राहत की सांस ली है।

**खास बात**
- नदी की धार सूखने से रेत में डबरी खोदकर की जा रही थी पानी की आपूर्ति

इस बार अप्रैल के प्रथम सप्ताह में ही कनहर की धार सूखकर पतली हो गई थी। दूसरे सप्ताह में नदी पूरी तरह सूख गई जिससे पेयजल के लिए पूरे नगर में समस्या हो गई। पेयजल संकट को देखते हुए नपा परिषद ने नदी की रेत में आनन-फानन में जेसीबी से गड्ढा खोदवाकर रेत से रिसे पानी को फिल्टर प्लांट में स्वच्छ कर घर-घर आपूर्ति कर रही थी। गर्मी बढ़ने पर पानी की मांग भी बढ़ने लगी। इधर गड्ढे में आवश्यकता के अनुरूप पानी जमा नहीं होने पर परिषद को पोकलेन की मदद से गड्ढे की गहराई बढ़ाने के साथ ही पोखरी का स्वरूप देना पड़ा। परिषद जल संकट के निराकरण के लिए लगातार बंद पड़े हैण्डपंपों का सुधार कराने के साथ ही संकटग्रस्त क्षेत्रों में टैंकर से पानी की आपूर्ति कर रही थी। स्थिति को देखते हुए नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी काफी चिंतित थे तथा नदी के सूखने के कारण आगामी दो महीने तक भीषण गर्मी में पानी की आपूर्ति के लिए विकल्पों को तलाश रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह नदी का पानी खेतों की सिंचाई के लिए बांधने की सूचना पर परिषद् द्वारा अभियान भी चलाया गया लेकिन खास सहायता नहीं मिल सकी। इधर मौसम में आए बदलाव के कारण गुरूवार एवं शनिवार को अंधड़ एवं गरज-चमक के साथ अच्छी वर्षा हुई जिसके बाद कनहर नदी की धार को फिर से जीवन मिल गया है। नदी का प्रवाह फिर से शुरू होने के साथ ही नदी पर एनीकट में पानी भर गया है। एनीकट में पानी भरने से परिषद के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने राहत की सांस ली है। अब नदी के पानी को स्वच्छ कर टंकी के माध्यम से घर-घर पानी की आपूर्ति की जा रही है। एनीकट में पानी भरने से आगामी एक पखवाड़े के लिए जल संकट टल गया है।


कनहर नदी की जल धारा।

### मिली है राहत

शनिवार को क्षेत्र में मूसलाधार बारिश होने के बाद कनहर नदी का जलस्तर बढ़ गया है तथा एनीकट में पानी भर गया है। एनीकट में पानी भरने से आगामी एक पखवाड़े तक आपूर्ति के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होने की उम्मीद है। बारिश होने से काफी राहत मिली है।

-**सुधीर श्रीवास**, सीएमओ, नपा परिषद्, रामानुजगंज

### हर साल होती है समस्या

रामानुजगंज नपा परिषद की 25 हजार की आबादी को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए दशकों बाद भी कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हो सकी है। प्रारंभ से ही कनहर नदी के पानी से नपा परिषद की बढ़ी आबादी की प्यास बुझाई जा रही है। प्रारंभ में पानी की आपूर्ति में कोई समस्या नहीं हो रही थी लेकिन कनहर नदी पर जगह-जगह सिंचाई बांध का निर्माण कराने के बाद पिछले एक दशक से अधिक समय से गर्मी शुरू होते ही कनहर नदी सूख जा रही है जिससे नगरवासियों को जलसंकट का सामना करना पड़ रहा है। लम्बे समय से आबादी के अनुकूल नई जल आवर्धन योजना की जरूरत महसूस की जा रही है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के कारण नई जल आवर्धन योजना की स्वीकृति नहीं मिल पाई है।

### एनीकट के गेट से रिस रहा पानी

पेयजल संकट को लेकर जल संसाधन विभाग एवं प्रशासन कितना गंभीर है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पेयजल समस्या के लिए निर्मित एनीकट का गेट वर्षों से खराब हैं। गेट से पानी का लगातार रिसाव हो रहा है। नपा परिषद के जनप्रतिनिधि भी कई बार विभाग से खराब गेट के सुधार हेतु अनेको बार पत्राचार करने के साथ ही अधिकारियों को मौखिक भी बोल चुके हैं लेकिन अभी तक गेट को सुधारने की पहल नहीं की गई है। समय रहते खराब गेट की जल्दी मरम्मत नहीं कराई गई तो जमा पानी के बेकार बहने से फिर से जल संकट की स्थिति निर्मित हो सकती है। इस संबंध में जल संसाधन विभाग के एसडीओ आशीष जगत ने बताया कि भारी होने के कारण स्थानीय स्तर पर गेट की मरम्मत संभव नहीं है। इसके लिए विभाग की विशेषज्ञ टीम को पत्र लिखा जाएगा। खेतों की सिंचाई के लिए कनहर नदी को किसानों द्वारा जगह-जगह बांधने की सूचना पर नपा परिषद ने एक सप्ताह पूर्व रामानुजगंज से बलरामपुर तक नदी का पैदल सर्वे कराया था। इस दौरान खेतों की सिंचाई के लिए किसानों ने 8 स्थानों पर नदी को बांध दिया था वही चार स्थानों पर किसान नदी का पानी बांध कर वे पंप से सिंचाई करते मिले। कर्मचारियों ने बांध को समतल करने के साथ ही किसानों का पंप भी जब्त किया है तथा भविष्य में नदी का प्रवाह रोकने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

# कॉलोनी क्षेत्र में ट्रांसफार्मर खराब होने से बनी ब्लैक आउट की स्थिति, 24 घंटे बाद बिजली आपूर्ति बहाल

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में शनिवार की दोपहर एक छोटी-सी तकनीकी खराबी ने बड़ा संकट खड़ा कर दिया। एकता स्टेडियम के समीप स्थित विद्युत सब स्टेशन में लगे 4 एमबीए ट्रांसफॉर्मर के अचानक ठप्प पड़ते ही आधा दर्जन कॉलोनियां अंधेरे में डूब गईं।

- भीषण गर्मी में रात भर परेशान रहे कॉलोनी वासी,घरों के बाहर टहलते नजर आये, बैकअप की कमी से दिखी नाराजगी

तेज गर्मी के बीच बिजली गुल होते ही लोगों की दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो गई और पूरी रात बेचैनी में बीती। बताया जा रहा है कि दोपहर बाद अचानक ट्रांसफॉर्मर में तकनीकी खराबी आई, जिसके बाद टूए कॉलोनी, डीएमक्यू कॉलोनी, रेस्क्यू कॉलोनी अंबेडकर चौक, टूबी, टूसी और बी-टाइप कॉलोनी की बिजली आपूर्ति एक झटके में बंद हो गई। शुरुआत में लोगों को उम्मीद थी कि कुछ ही घंटों में सप्लाई बहाल हो जाएगी, लेकिन जैसे-जैसे शाम ढलती गई, हालात बिगड़ते चले गए। बिजली गुल होने के साथ ही पंखे, कूलर, एसी और पानी की मोटरें बंद हो गईं। उमस भरी गर्मी में घरों के अंदर रहना मुश्किल हो गया। कई परिवार छतों और घरों के बाहर सड़कों पर टहलते नजर आए। अंधेरे के कारण कॉलोनियों में पेयजल संकट भी गहरा गया था।घटना की जानकारी मिलते ही एसईसीएल के विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची। इंजीनियरों और कर्मचारियों ने खराब ट्रांसफॉर्मर को सुधारने की कोशिश की, लेकिन समस्या जटिल होने के कारण तत्काल समाधान नहीं मिल सका,ज्ञात हो कि करीब 24 घंटे की मशक्कत के बाद रविवार को राहत की खबर आई। विभाग ने 5 एमबीए ट्रांसफॉर्मर से अस्थायी कनेक्शन जोड़कर दोपहर बाद बिजली आपूर्ति बहाल कर दी है।हालांकि राहत मिलने के बावजूद स्थानीय लोगों में व्यवस्था को लेकर नाराजगी भी देखने को मिली। उनका कहना है कि बार-बार ट्रांसफॉर्मर में खराबी आना और बैकअप की कमी बड़ी समस्या है। लोगों ने मांग की है कि क्षेत्र में स्थायी और मजबूत वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की परेशानी से बचा जा सके। फिलहाल बिजली बहाल होने से कालोनी के लोगों ने राहत की सांस जरूर ली है, लेकिन इस घटना ने सिस्टम की कमजोरियों को उजागर कर दिया है।

पेज 1 के शेष...

### सुशासन तिहार शासन की कार्यप्रणाली में ...

जन चौपाल में प्राप्त प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर उसका समाधान सुनिश्चित किया जाए। बता दें कि प्रदेश में 1 मई से जन समस्या निवारण शिविर की शुरुआत की गई है। इस अभियान के तहत सरगुजा में भी विभिन्न ग्राम पंचायतों में जन समस्या निवारण शिविर लगाए जा रहे है। शिविर में ग्रामीणों को मिल रहे लाभ और उनकी समस्याओं को जानने के लिए सीएम श्री साय शंतिपारा पहुंचे हुए थे। कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे सीएम का स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, कलेक्टर अजीत वसंत सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।











